पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राजभवन में रोजा इफ्तार का आयोजन

राज्यपाल ने ईद की अग्रिम बधाई दी

लखनऊः 3 जून, 2019

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक की ओर से आज राजभवन में रमजान के पाक महीने के अवसर पर रोजा इफ्तार एवं रात्रिभोज का आयोजन किया गया। रोजा इफ्तार में उप मुख्यमंत्री डा0 दिनेश शर्मा, मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह, मंत्री श्री चेतन चैहान, मंत्री श्री एस0पी0 बघेल, मंत्री श्री आशुतोष टण्डन, मंत्री श्री बृजेश पाठक, मंत्री बलदेव सिंह ओलख सहित नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद श्री अहमद हसन, नेता प्रतिपक्ष विधान पूर्व मंत्री श्री अम्मार रिज़वी, मौलाना कल्बे जव्वाद, मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, टीले वाली मस्जिद के इमाम मौलाना फजले मन्नान, मौलाना यासूब अब्बास, मौलाना अब्बास नासिर सईद, नवाब मीर अब्दुल्ला जाफर, बिशप जेराल्ड मथाईस, अन्य समुदाय के धर्मगुरूओं, सूचना आयुक्तगण, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष श्री गैरूल हसन रिज़वी, सुन्नी बोर्ड आफ इण्डिया के अध्यक्ष श्री शहाबुद्दीन, पद्मश्री श्री कलीमउल्लाह, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों सहित अनेक शिक्षाविद्व, पद्मश्री सम्मान प्राप्त डा0 मंसूर हसन, डा0 शादाब मोहम्मद व गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया। मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने सुन्नीयों की नमाजे-जमात पढ़ाई तथा मौलाना कल्बे जव्वाद ने शियों की नमाजे जमात पढ़ाई। राज्यपाल ने ईद की अग्रिम बधाई देते हुए कहा रमजान का पाक महीना हमें प्रेम व सद्भाव की शिक्षा देता है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में सभी सम्प्रदाय के लोग आपस में मिलजुलकर रहते हैं यहीं हमारी संस्कृति है।

अंजुम/दिलशाद/राजभवन (188/4)

माननीय मंत्री